हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 17 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 23 .0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

9 प्रॉपर्टी आईडी की खामियों से सीवन के लोग परेशान



9 स्ट्रे कैटल फ्री परिसर बनाने को नोडल अधिकारी...



## खबर संक्षेप

### जींद: आज पांच घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**जींद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के 220केवी जींद के पावर हाऊस में बुधवार को बिजली सप्लाई सुबह 10 से 3 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी देते प्रवक्ता ने बताया कि इस पावर हाऊस से 11केवी जीतगढ़, एसटीपी अहिरका, बड़ौदी, पीजीसीएल, झांझ, रूपगढ़, अमरहेड़ी, कैरखेड़ी शामिल हैं।

### एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 84 हजार

**कैथल।** एटीएम कार्ड बदलकर एक व्यक्ति के खाते से 84 हजार रुपये निकाल लिए गए। पैसे निकालने के आरोप एक युवती पर लगे हैं। गांव पबनावा निवासी राजकुमार की शिकायत पर ढांड थाना में केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है। उसका पंजाब नेशनल बैंक में सेविंग खाता है।

### 26 को वाइस चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास बैठक

**कलायत।** 26 को अविश्वास बैठक में ब्लाक समिति वाइस चेयरपर्सन सोमपति की कुर्सी का फैसला होगा। एडीसी कम-पीठासीन अधिकारी पंचायत समिति कलायत ने बैठक को लेकर महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में कार्यकारी अधिकारी पंचायत समिति की तरफ से समिति के सभी 22 सदस्यों को बैठक में हिस्सा लेने के लिए सूचना प्रेषित की है।

### 128 नशीली टैबलेट सहित आरोपी दबोचा

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए-1 पुलिस द्वारा द्वारा प्रतिबंधित 128 ट्रामाडोल नशीली गोलियों सहित एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत की अगुवाई में एएसआई कमलजीत सिंह की टीम को गुप्त सुचना मिली थी।

### 1.41 लाख रुपये ठगे, मामला दर्ज

**जींद।** साइबर ठगों ने गांव घोघड़िया में एक व्यक्ति के साथ एक लाख 41 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर दी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव घोघड़िया निवासी मनजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास आठ दिसंबर को एक फोन आया और उसने कहा कि वह जोगिंदर बोल रहा है।

### तीन देसी पिस्तौल व सात जिंदा रौंद सहित दो दबोचे

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा नाकाबंदी दौरान 2 आरोपियों को 1 देसी पिस्तौल व 7 जिंदा रौंद सहित काबू किया है। इंस्पेक्टर रमेश चंद की अगुवाई में एएसआई तरसेम कुमार की टीम सोमवार को शाम के समय गश्त दौरान गांव प्योदा क्षेत्र में मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सुचना के आधार पर दोनो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दो को कन्यायालय में पेश किए जाएंगे, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

### रधाना में घर से नकदी सोने के जेवरात चोरी

**जींद।** गांव रधाना मकान से अज्ञात लोग 15 हजार रुपये की नकदी व सोने के जेवरात चोरी कर ले गए। सदर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना पुलिस को शिकायत दी है।

### गेहूं चोरी मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना चीका क्षेत्र में गोदाम से गेहूं की बोरियां चोरी करने के मामले में एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अनाज मंडी चीका निवासी सतीश कुमार की शिकायत अनुसार 9 दिसंबर को कैथल रोड चीका स्थित गोदाम का ताला तोड़कर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 243 बोरी गेहूं चोरी कर ली गई।

---

*बुलेट प्रूफ जैकेट पहने होने के कारण सीआईए प्रभारी बाल-बाल बचा*

# पुलिस मुठभेड़ के बाद 50 लाख की चौथ मांगने का आरोपी काबू

**कपड़ा कारोबारी को पर्ची फेंककर चौथ मांगने तथा फायरिंग का आरोप**

**आरोपी युवक के पैर में दो गोलियां लगी**





जींद। अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल आरोपी व घटना स्थल पर मौजूद पुलिस के जवान।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

नरवाना में कपड़ा कारोबारी के पास 50 लाख रुपये की चौथ मांगने तथा फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के आरोपित को सीआईए स्टाफ नरवाना नाम मुठभेड़ के बाद दाता सिंह वाला से काबू कर लिया। मुठभेड़ में आरोपित के पांव में जिसे नागरिक हॉस्पिटल नरवाना में भर्ती करवाया गया है। मुठभेड़ के दौरान बुलेट प्रूफ जैकेट पहने होने के कारण सीआईए प्रभारी बाल बाल बच गए। घटनास्थल से पुलिस ने दो पिस्तौल तथा कुछ जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

सीआईए प्रभारीइ सुखदेव सिंह को सूचना मिली थी कि गत 14 दिसंबर को नरवाना के जैन गारमेंट्स के मालिक नरेश जैन को 50 लाख रुपये चौथ वाली पर्ची फेंक कर फायरिंग करने का आरोपित अनूप बेलरखा को गांव दाता सिंह के निकट देखा गया है। सूचना के आधार पर सीआईए प्रभारी सुखदेव सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपित को घेर लिया और सरेंडर करने के लिए कहा। जिस पर आरोपित ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। बुलेट प्रूफ जैकेट पहने होने के कारण सीआईए प्रभारी सुखदेव सिंह बाल बाल बच गए। जवाब में पुलिस ने भी गोलियां दागी। जिसमें दो गोलियां आरोपित अनूप के पांव में जा लगी जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से दो पिस्तौल तथा कुछ जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। घायल आरोपित अनूप को नरवाना के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है!

**अस्पताल में भर्ती**

सीआईए स्टाफ नरवाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि आरोपित के पांव में दो गोलियां लगी है। उसके कब्जे से दो पिस्तौल तथा कुछ जिंदा कारतूस बरामद हुए है। आरोपित को इलाज के लिए नरवाना नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

**मुठभेड़ के बाद दबोचा**

मुठभेड़ में आरोपित के पांव में जिसे नागरिक हॉस्पिटल नरवाना में भर्ती करवाया गया है। मुठभेड़ के दौरान बुलेट प्रूफ जैकेट पहने होने के कारण सीआईए प्रभारी बाल बाल बच गए।



जींद। नागरिक अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

# सड़क हादसों में पुलिस कर्मी सहित दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

जिला में अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों में एक पुलिसकर्मी सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिर्चपुर (हिसार) निवासी रवि (30) हरियाणा पुलिस में भिवानी कार्यरत था। सोमवार शाम को वापस आ रहा था। शाम को सात बजे गुलकनी में बस से उतरा था। इसके बाद उसने गांव से एक युवक को स्कूटी लेकर गुलकनी गांव बुला लिया। दोनों स्कूटी से जब गुलकनी जा रहे थे तो अंधेरा होने के चलते सड़क पर ब्रेकर दिखाई नही दिया। जिसके चलते रवि उछल कर सड़क पर जा गिरा। गिरते ही रवि के सिर में चोट लग गई। रात को ही रवि को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार सुबह सदर थाना पुलिस ने परिजनों के ब्यान दर्ज कर पोस्टमार्टम करवाया। मृतक के पिता मदन सिंह ने बताया कि रवि 2019 में हरियाणा पुलिस में भर्ती हुआ था। उसकी शादी तो हुई थी लेकिन बाद में शादी टूट गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**इलाज के दौरान मौत**

सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की मौतढांडाखेड़ी निवासी बलजीत ने बताया कि उसका बेटा मोहित प्रतिदिन सुबह गांव से जींद लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए आता था। रविवार सुबह आठ वह बाइक पर घर से निकला था। दरियावाला व ढांडा खेड़ी गांव के बीच अधिक धुंध होने के कारण उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें उसका बेटा मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया था। उपचार के दौरान उसके बेटे की मौत हो गई। मंगलवार सुबह मोहित के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया। सदर थाना प्रभारी मनीष ने बताया कि दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है।

---

# जुलाना: नपा ने रिहायशी कॉलोनी में चल रही मीट शॉप को किया सील

- सात मई को किया था सील, मालिक ने तोड़ी सील, प्रशासन ने फिर से लगाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जुलाना

कस्बे के वार्ड 10 में रिहायशी इलाके में बिना लाइसेंस के चल रही मीट शॉप को नगर पालिका ने बंद करवा कर सील करवा दिया। वार्ड 10 में रजबाहे के पास मीट शॉप चलाई जा रही थी। आसपास के लोगों ने कई बार इसकी शिकायत की थी। मीट शॉप के पास ही दो मंदिर भी बने हुए हैं। जिससे आस पास के लोगों को मीट शॉप का विरोध करने पर मजबूर होना पड़ रहा था। शिकायत पर नपा ने सात मई को मीट शॉप को बंद कर सील कर दिया था लेकिन दुकान के मालिक ने दुकान को फिर से खोल लिया था। इसकी सूचना मिलते ही नपा ने मंगलवार को फिर से ड्युटी मजिस्ट्रेट और पुलिस की मौजूदगी में दुकान को सील कर दिया। मंगलवार को सिंचाई विभाग के एसडीओ और ड्युटी मजिस्ट्रेट दिपांशु पुलिसबल को साथ लेकर वार्ड 10 पहुंचे और दुकान को सील कर दिया।

**दुकान फिर सील की**

नगर पालिका सचिव सौरभ जैन ने बताया कि कई बार अवैध मीट शॉप की शिकायत मिल रही थी। नपा द्वारा पहले भी दुकान को सील किया गया था लेकिन मालिक ने बताया कि उसने गलती से दुकान खोल ली तो प्रशासन ने दुकान को फिर से सील कर दिया है।



# अमेरिका भेजने के नाम पर 5. 30 लाख रुपये ठगे

» पंजाब निवासी संदीप के विरुद्ध पूंडरी में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

एक युवक को अमेरिका भेजने के नाम पर पांच लाख 30 हजार रुपये की ठगी की गई है। युवक को अमेरिका नहीं भेजा गया और उसे स्पेन भेज दिया। अभी भी युवक स्पेन की जेल में बंद है। गांव रसीना निवासी रामपाल की शिकायत पर रोपड़ पंजाब निवासी संदीप के विरुद्ध पूंडरी थाना में केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया कि उसका बेटा सुक्रम पाल काफी दिन से विदेश जाना चाहता था। इसके लिए उन्होंने गांव बेहरामपुर जिला रोपड़ पंजाब निवासी संदीप से उसके चंडीगढ़ कार्यालय में बातचीत की थी। संदीप ने कहा कि वह सुक्रम पाल को 15 लाख रुपये में पुर्तगाल भेज देगा। अक्टूबर 2022 में संदीप ने उसके बेटे को आसट्रिया भेज दिया था। वहां पहुंचने के बाद आरोपित को पैसे दे दिए गए थे। वहां से आगे भेजने के लिए संदीप ने 22 लाख रुपये और खर्च बताया। आरोपित के कहे अनुसार उन्होंने 10 लाख रुपये और उसके खाते में डलवा दिए थे। उसके बाद आरोपित ने उसके लड़के को आस्ट्रिया से स्पेन बुला लिया। वहां उसके बेटे के पासपोर्ट पर किसी और लड़के को नीदरलैंड में भेज दिया। वहां की पुलिस ने सुक्रम पाल को गिरफ्तार करके जेल में बंद कर दिया। दो महीने तक उसके बेटे को जेल में रहना पड़ा था। जुलाई 2023 को उन्होंने संदीप को बोला के मेरे बेटे को जेल से निकलवाओ और उसका असली पासपोर्ट वापस मंगवाओ। आरोपित ने कहा कि इसके लिए तीन लाख 25 हजार रुपये खर्च आएगा। उन्होंने करीब चार लाख रुपये दे दिए थे। पैसे लेने के बाद भी उसके बेटे को अमेरिका नहीं भेजा गया था। अब फोन करने पर आरोपित उनको जान से मारने की धमकी देता है।

**दुकान से साढ़े तीन लाख की नकदी चोरी**

**जींद।** मेन बाजार स्थित घंटाघर चौक के पास स्थित एक कपड़े की दुकान से चोरों ने गल्ले में रखे साढ़े तीन लाख रुपये चोरी कर लिए। चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में क्लाथ मार्केट निवासी मोहित जिंदल ने बताया कि वह लोग एमआर संस के नाम से कपड़े की दुकान चलाते हैं। रविवार को वह दुकान सही करके घर चले गए थे। दुकान में अक्सर वह नकदी नहीं रखतेए लेकिन पिछले कुछ दिनों से दुकान में उसका भाई नकदी छोड़ देता था। रविवार को उसके भाई ने दुकान के दो गल्लों में साढ़े तीन लाख रुपये रखे थे। जिन्हें चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने मोहित की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

# फिरोजपुर कैंट और नांदेड़ के बीच चलेगी स्पेशल रेलगाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

हुजूर नांदेड़ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है। रेलवे ने श्रद्धालुओं के लिए नांदेड़ के लिए स्पेशन ट्रेन चलाने की योजना बनाई है। इस योजना के तहत यह रेलगाड़ी आगामी 24 से 30 दिसंबर तक चार दिनों तक चलाई जाएगी। रेलवे के इस फैसले से उन श्रद्धालुओं में खुशी की लहर है जो नांदेड़ तथा आसपास के क्षेत्रों में यात्रा करने की योजना बना रहे हैं। रेलवे 04643-44 नंबर फिरोजपुर कैंट-नांदेड़ स्पेशल एक्सप्रेस का संचालन करेगा। यह ट्रेन फिरोजपुर से बुधवार तथा रविवार को संचालित होगी। फिरोजपुर कैंट से यह ट्रेन 10रू33 बजे जींद पहुंचेगी वहीं हुजूर साहिब नांदेड़ की तरफ से रात को दस बजकर 20 मिनट पर पहुंचेगी। यह बठिंडा, जाखल, जींद, रोहतक, शकूरबस्ती, दिल्ली सफदरजंग, मथुरा, भरतपुर, सवाई माधोपुर, सोगारिया, गुना, बीना, भोपाल खंडवा, ओकला के रास्ते आवागमन करेगी। इस ट्रेन में 22 एलएचबी कोच लगाए गए हैं। इसको लेकर रेलवे ने नए साल पर होने वाली भीड़ को देखते हुए इस स्पेशल ट्रेन को चलाने का निर्णय लिया गया है।

# राजकीय कॉलेज में घुसा गोवंश, हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



राजकीय कालेज के सामने लगी भीड़।

राजकीय महाविद्यालय मेंइस समय यूजी व पीजी कोर्स की परीक्षाएं चली हुई हैं। मंगलवार को दोपहर 12 बजे शहर के राजकीय पीजी कालेज में एक गोवंश घुस आया। उसे गो रक्षकों की मदद से राजकीय कालेज के गेट के बाहर निकाला गया। इसमें उन्हें लगभग एक घंटा लग गया। गोवंश विद्यार्थियों व अन्य लोगों को देखकर मारने भाग रहा था। ऐसे में विद्यार्थी दोपहर लगभग एक बजे कालेज में आना शुरू हो गए थे। दोपहर दो बजे विद्यार्थियों परीक्षा थी। जैसे ही दो विद्यार्थी स्कूटी पर सवार होकर कालेज के गेट पर पहुंचे तो बाहर खड़े सांड ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। गनीमत रही कि दोनों विद्यार्थियों में से किसी को चोट नहीं आई। इस दौरान गोहाना रोड पर भारी संख्या में विद्यार्थी जमा हो गए। सुरक्षा की दृष्टि से यातायात पुलिसकर्मी ने नागरिक अस्पताल के सामने से वाहनों को हटवाना शुरू कर दिया। गोवंश को देखकर विद्यार्थियों में डर का माहौल बना रहा। आधा घंटा तक जब गोवंश गेट के बाहर खड़ा रहा तो बाद में पीसीआर पुलिसकर्मियों को भी बुलाया गया। पीसीआर टीम ने विद्यार्थियों को शांति बनाए रखने के लिए कहा और आधा घंटे बाद जैसे ही गोंवश वहां से निकला तो विद्यार्थियों को खेल मैदान वाले गेट से एंट्री दी गई।

**बाहर निकाला**

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि कालेज में एक गोंवश घुस आया था जिसे गोरक्षकों की मदद से बाहर निकाला गया। दोपहर दो बजे बच्चों की परीक्षा थी। दोपहर एक बजकर 30 मिनट तक गोवंश को गेट से भी हटवा दिया गया था। विद्यार्थियों को ग्राउंड के गेट से प्रवेश दिया गया। विद्यार्थियों को परीक्षा को लेकर किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। समय से विद्यार्थियों को कालेज में प्रवेश मिला।



पूंडरी। ऑनलाइन स्थानांतरण नीति के विरोध में रोष जाहिर करते बिजली कर्मचारी।

**सरकार पर कर्मचारी विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप**

**पूंडरी।** एचएसईबी वर्कर यूनियन हेड ऑफिस भिवानी पंजीकरण संख्या 292 के आह्वान पर आज तीसरे दिन भी ऑनलाइन स्थानांतरण नीति 2025 के विरोध में सब-यूनिट स्तर पर गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। इस गेट मीटिंग में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया और एकजुटता का परिचय दिया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब-यूनिट टीएल के प्रधान रणधीर सिंह जेई ने की, जबकि मंच संचालन सब-यूनिट सचिव नंबर 02 वजीर लाल चेयरमैन एएफएम ने किया। प्रधान रणधीर सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार कर्मचारी विरोधी नीतियां अपना रही है और जानबूझकर कर्मचारियों पर ऑनलाइन स्थानांतरण नीति लागू की जा रही है। इससे आने वाले समय में दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ेगी और कर्मचारियों पर मानसिक दबाव भी बढ़ेगा। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए यूनिट प्रधान जितेंद्र बाकल ने कहा कि आज सभी सब-यूनिट एसीएस पावर के नाम सभी उपमण्डल अधिकारियों को पॉलिसी के विरोध में ज्ञापन सौंपेगे एवं कल दिनांक-17-12-2025 को ये गेट मीटिंग यूनिट स्तर पर होगी। सरकार मैनेजमेंट के साथ मिलकर कर्मचारियों का शोषण कर रही है।

---

**11,082 डायलिसिस सत्र निःशुल्क कर आमजन को दी बड़ी राहत**

# 1143 मरीजों ने उठाया फ्री डायलिसिस सुविधा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा जन कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, कैथल जिले के नागरिक अस्पताल में किडनी रोगियों के लिए निःशुल्क डायलिसिस सुविधा एक वरदान साबित हो रही है। अक्टूबर 2024 से शुरू की गई इस सुविधा का लाभ अब तक 1143 मरीजों ने उठाया है, जिन्होंने कुल 11,082 डायलिसिस सत्र निःशुल्क करवाए हैं। जिला नागरिक अस्पताल में डायलिसिस की बढ़ती मांग को देखते हुए, वर्तमान में 12 मशीनों के माध्यम से हर महीने लगभग 900 डायलिसिस सत्र तीन शिफ्टों में किए जा रहे हैं। हरियाणा सरकार की यह जनहितैषी योजना प्रदेश के लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज में बड़ी राहत प्रदान कर रही है। सिविल सर्जन डॉ. रेनु चावला ने बताया कि क्रॉनिक किडनी रोग से जूझ रहे मरीजों को समय पर यह सुविधा मिलने से उनके जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार हो रहा है। उन्होंने मरीजों को प्रक्रिया समझाते हुए कहा कि ऐसे मरीज सीधे अपने जिले के नागरिक अस्पताल, जहां डायलिसिस की सुविधा है, वहां पहुँच सकते हैं। मरीज अपनी किडनी केस की मेडिकल रिपोर्ट और डॉक्यूमेंट दिखाकर मुफ्त डायलिसिस की सुविधा तुरंत ले सकते हैं। अक्टूबर 2024 से नवंबर 2025 तक मरीजों ने इस सुविधा का सफलतापूर्वक लाभ उठाया है।

**सभी के लिए सुविधा उपलब्ध**

कैथल की डीसी अपराजिता ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार आमजन को बेहतर, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। किडनी के मरीजों को डायलिसिस की सुविधा पूरी तरह से मुफ्त प्रदान करके, सरकार ने उनके परिवारों पर पड़ने वाले बड़े आर्थिक बोझ को काफी हद तक कम किया है। यह सुविधा प्रदेश के सभी निवासियों के लिए उपलब्ध है।



राजौंद। अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते निगम के कर्मचारी।

**बिजली निगम कर्मचारियों ने मांगों को लेकर जताया रोष**

**राजौंद।** राजौंद बिजली घर प्रांगण में विद्युत प्रसारण निगम के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर जमकर की नारेबाजी। यह रोष स्वरूप प्रदर्शन सेंटर काउंसिल के आह्वाहन पर किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बिजली विभाग में लागू की जा रही ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का रद्द करवाना,डी सी रेट व एच के आर एन के कर्मचारियों को जोखिम भत्ता, मेडिकल एवं एलटीसी की सुविधा दी जाना आदि मुद्दे शामिल है। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह सभी मांगे शीघ्र पुरी की जाए, नहीं तो सब वर्कर यूनियन हेड ऑफिस भिवानी निगम के खिलाफ पूरे जोर-जोर से विरोध प्रदर्शन सब सेंटर लेवल पर शुरू करने जा रही है। इस दौरान रोष स्वरूप गेट मीटिंग में सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सभी ने अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान राजू ए एल एम, नीरज, लाला, आदित्य, राजेंद्र, कृष्ण, प्रवीण कोटडा, अनिल, शमशेर,विकास, रितु, सरीता, पूंडरी सब यूनिट से रोहतास शर्मा, प्रवीण कोटडा, पुंडरी सब यूनिट से रोहतास शर्मा, गुरुदेव, कुलदीप बनवाला सहित कई कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।



# सितारों के सितारे में अनोखी और भावुक कहानी की मिली झलक

**मुंबई।** आमिर खान ऐसे कलाकार हैं, जो अपनी अलग तरह की सोच के लिए जाने जाते हैं। जल्द ही उनका प्रोडक्शन 'सितारों के सितारे'को थिएटर में रिलीज करेगा। हाल ही इस खास डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसी साल आमिर खान स्टारर एक फिल्म 'सितारे जमीन पर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी के अहम किरदार कुछ स्पेशल किड्स थे। अब इन बच्चों की जिंदगी के पीछे के असल सितारों की कहानी को आमिर खान प्रोडक्शन एक डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'के जरिए बयां करेंगे। जल्द ही यह डॉक्यूमेंट्री थिएटर में रिलीज भी होगी। आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर'पर कुछ स्पेशल चाइल्ड नजर आए थे। इन बच्चों ने फिल्म में कमाल का अभिनय किया था। इन बच्चों के पैरेंट्स का कैसा स्ट्रगल रहा? कैसे उन्होंने अपने स्पेशल चाइल्ड को पाला? और कैसे ये बच्चे फिल्म 'सितारे जमीन पर' क्या हिस्सा बने? इन बातों को डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'में समेटा गया है।

लाइफ Style

## श्रद्धा

# हमारी भावनाओं के साथ मत खेलो

रणवीर सिंह की 'धुरंधर'इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। वहीं, दूसरी ओर फिल्म को कई सेलेब्स से भी लगातार प्रशंसा मिल रही है। अक्षय कुमार, विक्की कौशल और ऋतिक रोशन से लेकर अल्लू अर्जुन और सामंथा रुथ प्रभु जैसे सितारों ने फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। अब इस लिस्ट में श्रद्धा कपूर का नाम भी शामिल हो गया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

श्रद्धा ने फिल्म की तारीफ करते हुए दूसरे पार्ट के लिए भी अपनी उत्सुकता जाहिर की है। साथ ही उन्होंने आदित्य धर से दूसरा पार्ट जल्दी लाने की भी बात कही। श्रद्धा कपूर ने फिल्म की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज साझा कीं। अपनी स्टोरीज में उन्होंने लिखा, 'आदित्य धर का धुरंधर बनाना वाकई बुरा लग रहा है, क्योंकि दूसरे पार्ट के लिए हमें तीन महीने का इंतजार करवाया है। हमारी भावनाओं के साथ खिलवाड़ मत करो। कृपया इसे पहले रिलीज कर दो।' श्रद्धा ने आगे फिल्म की तारीफ करते हुए कहा कि क्या शानदार अनुभव रहा। अगर सुबह शूट नहीं होता तो अभी जाकर दोबारा देखती है। आगे इस साल हिंदी सिनेमा को मिली हिट फिल्मों का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि छावा, सैयारा और धुरंधर सभी 2025 के हिंदी सिनेमा में। आगे श्रद्धा कपूर ने आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम को मिले निगेटिव पीआर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'यामी गौतम को निगेटिव पीआर और मनगढ़ंत विवादों का सामना करना पड़ा, लेकिन धुरंधर ने इन सब का सामना किया और शानदार प्रदर्शन किया। कोई भी बुरी ताकत एक अच्छी फिल्म को नीचे नहीं गिरा सकती। हमें दर्शकों पर भरोसा है। हमारी भावनाओं से मत खेलो। धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार तहलका मचाए हुए है।



हॉलीवुड मसाला



# ल्यूक स्पेंसर के रोल ने बदली किस्मत

**लॉस एंजिल्स।** टीवी की दुनिया में कुछ किरदार ऐसे होते हैं, जो कलाकार से कहीं आगे निकलकर एक पूरी पीढ़ी की यादों का हिस्सा बन जाते हैं। अमेरिकी टेलीविजन इतिहास में ल्यूक स्पेंसर ऐसा ही एक नाम है। इस यादगार किरदार को अमर करने वाले अभिनेता एंथनी गीरी का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। एंथनी गीरी का जन्म अमेरिका के यूटा राज्य में हुआ था। बचपन से ही अभिनय की ओर झुकाव रखने वाले गीरी ने थिएटर के जरिए अपने कॅरियर की नींव रखी। यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा से थिएटर स्कॉलरशिप मिलने के बाद उन्होंने अभिनय को गंभीरता से अपनाया और 1970 के दशक में लॉस एंजेलिस का रुख किया। शुरुआती दौर में उन्होंने कई लोकप्रिय टीवी शोज में छोटे-छोटे किरदार निभाए, जिससे इंडस्ट्री में उनकी पहचान बनने लगी।



# इंटरनेट पर लीक हुए अवेंजर्सः डूम्सडे के टीजर

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की सबसे मच अवेटेड फिल्मों में से एक 'अवेंजर्सः डूम्सडे' रिलीज से पहले ही जबरदस्त चर्चा में आ गई है। वजह है फिल्म के तीन टीजर ट्रेलर्स का ऑनलाइन लीक हो जाना, जिसने मार्वल स्टूडियो की पूरी मार्केटिंग रणनीति को हिला कर रख दिया है। इन लीक वीडियोज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैंस के बीच कयासों का दौर तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि मार्वल स्टूडियो ने 'अवेंजर्स डूम्सडे' के लिए एक बेहद खास प्रमोशनल प्लान तैयार किया था। स्टूडियो का प्लान था कि फिल्म के चार अलग-अलग टीजर ट्रेलर सिनेमाघरों में एक्सक्लूसिव तौर पर दिखाए जाएं। ये ट्रेलर्स जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ अटैच किए जाने थे, ताकि बड़े पर्दे पर मार्वल का अनुभव और भी भव्य हो सके। लेकिन थिएटर में बैठे कुछ दर्शकों ने इन क्लिप्स को रिकॉर्ड कर लिया और देखते ही देखते तीन टीजर इंटरनेट पर वायरल हो गए। लीक हुए टीजर ट्रेलर्स में जो बातें सामने आई हैं, उन्होंने मार्वल फैन्स को हैरान कर दिया है।



# पठान 2 में होगी जूनियर एनटीआर की एंट्री

**मुंबई।** इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की स्पाई-थ्रिलर फिल्म धुरंधर धमाका मचाए हुए है। इस बीच अब यशराज फिल्म के स्पाई-यूनिवर्स की फिल्म पठान 2 को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बीते दिनों शाहरुख खान की मौजूदगी में पठान 2 के बनने की बात सामने आई थी। इसके बाद अब शाहरुख की इस आगामी फिल्म को लेकर एक नई चर्चा जोरों पर चल रही है। इन चर्चाओं के सामने आने के बाद अब 'पठान 2' को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। एक रिपोर्ट में ये दावा किया जा रहा है कि स्पाई यूनिवर्स का नया हिस्सा बने जूनियर एनटीआर अब शाहरुख खान की 'पठान 2' में भी नजर आएंगे। चर्चाएं हैं कि 'पठान 2' में जूनियर एनटीआर को लेने की बात चल रही है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म में जूनियर एनटीआर की भूमिका सिर्फ एक छोटी सी झलक से कहीं अधिक होगी।



# सनी की दमदार आवाज में बॉर्डर 2 का टीजर रिलीज

**मुंबई।** एक बार फिर सिनेमाघरों में दिखेगी भारतीय सेना के शौर्य की कहानी। अब फैंस का इंतजार खत्म हुआ और सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 23 जनवरी को रिलीज होने वाली इस फिल्म का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीजर में एक्शन और इमोशन के साथ शौर्य की गाथा देखने को मिलती है। टीजर की शुरुआत सनी देओल के वॉइस ओवर से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'तुम जहां से भी घुसने की कोशिश करोगे, आसमान से, जमीन से, समंदर से.. सामने एक हिंदुस्तानी फौजी खड़ा पाओगे। जो आंखों में आंखें डालकर सीना ठोककर कहेगा हिम्मत है तो आ, ये खड़ा है हिंदुस्तान।' इसके बाद टीजर में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को दिखाया गया जाता है।

टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अब्दुल हैं 2 रेस्टोरेंट के मालिक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता...' साल 2008 में शुरू हुआ था, और तभी से शरद संकला इसमें अब्दुल का किरदार निभाते आ रहे हैं। हालांकि, इससे पहले सात साल तक शरद संकला बेरोजगार थे। उनके पास कोई काम नहीं था। हाल ही एक इंटरव्यू में शरद संकला ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद किया। मालूम हो कि शरद संकला ने बॉलीवुड में भी काम किया है। वह कुछ फिल्मों में छोटे-मोटे रोल्स में नजर आए। यहां तक कि वह शाहरुख खान स्टारर बादशाह और बाजीगर के अलावा हम हैं राही प्यार के, हम आपके दिल में रहते हैं और साजन चले ससुराल में भी नजर आए थे। पर एक समय ऐसा था, जब शरद संकला के पास कोई काम नहीं था, और वह 7 साल तक खाली बैठे थे। लेकिन फिर 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' मिला, और उनकी जिंदगी बदल गई। शरद संकला आज हर घर में पहचाने जाते हैं और उनकी शो से अच्छी कमाई भी हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें 'तारक मेहता' में एक एपिसोड के लिए 35-40 हजार रुपए फीस मिलती है। इसके अलावा उनके मुंबई में दो रेस्टोरेंट हैं, जिनसे अच्छी कमाई होती है। शरद संकला का एक रेस्टोरेंट जुहू में है और इसका नाम 'पार्ले पॉइंट' है और दूसरा अंधेरी में है, जिसका नाम 'चार्ली कबाब' है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शरद संकला की नेट वर्थ 4-6 करोड़ रुपए बताई जाती है।

## तान्या की रईसी की फिर खुली पोल!

**नई दिल्ली।** तान्या मित्तल 'बिग बॉस 19' से निकलकर अपने घर ग्वालियर पहुंच गई हैं। वहां पहुंचते ही उन्होंने कई वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए और लोगों को अपनी रईसी का सबूत देने लगीं। लेकिन इसी बीच उनसे एक बड़ी भूल हो गई, जिसके बाद तो लोगों ने उनको झूठा और फेक कहने में कोई कसर नहीं छोड़ी। क्योंकि इस बार लोगों ने सबूत भी पेश किया है, जो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। तान्या मित्तल ने इंस्टा स्टोरी पर ग्वालियर पहुंचते ही एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह कार के अंदर से पीछे आ रही गाड़ी का वीडियो बना रही थीं और कह रही थीं, 'अम्मू आ गया। आ जा... आ जा...।' अब उसमें उनके भाई अमृतेश तो नजर नहीं आ रहे थे लेकिन कार जरूर दिख रही थी, जिसकी नंबर प्लेट दिल्ली और मध्यप्रदेश की नहीं, बल्कि उत्तराखंड की थी। एक्स हैंडल पर एक यूजर ने तान्या की स्टोरी का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया है, जिसमें लिखा है, 'अम्मू आ गया।' वहीं, दूसरी फोटो आईटीओ डिटेल्स की है, जिसमें गाड़ी का नंबर यूके07डीके3600 है और मालिक का नाम छिपाया गया है।



# विक्रांत बेस्ट एक्टर, छाई रही ब्लैक वॉरंट जयदीप ने पाताल लोक 2 के लिए जीता अवॉर्ड


**मुंबई।** सोमवार 15 दिसंबर को फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स 2025 इवेंट आयोजित हुआ है। मुंबई में हुए इस कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए हैं। इवेंट में एक्टिंग, डायरेक्शन, बेस्ट स्टोरी, बेस्ट साउंड डिजाइन से लेकर टेक्निकल सहित कई श्रेणियों में विजेताओं को अवॉर्ड दिए गए हैं। अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म कंट्रोल ने तीन अवॉर्ड्स पर कब्जा जमाया है।

### बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड

अभिनेता जयदीप अहलावत को बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल) ड्रामा का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड 'पाताल लोक सीजन 2' के लिए मिला है। बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड भी 'पाताल लोक सीजन 2' को मिला है।

### प्रीति पाणिग्रही बनीं बेस्ट एक्ट्रेस

बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (फीमेल) का क्रिटिक्स अवॉर्ड प्रीति पाणिग्रही को फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' के लिए दिया गया। उन्होंने अवॉर्ड लेकर खुशी साझा की और दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। अभिषेक बनर्जी को थ्रिलर फिल्म 'स्टोलन' के लिए बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड मिला है।



### पाताल लोक सीजन 2 को मिले ये अवॉर्ड

बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले, सीरीज का फिल्मफेयर अवॉर्ड सुदीप शर्मा, अभिषेक बनर्जी और राहुल कनौजिया, तमाल सेन को 'पाताल लोक' सीजन 2 के लिए प्रदान किया गया है। इसके अलावा इसी सीरीज के लिए सुदीप शर्मा को बेस्ट स्टोरी का भी फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला है।

### सेक्टर 36 के लिए विक्रांत को मिला अवार्ड

वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) क्रिटिक्स के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड विक्रांत मैसी की झोली में आया। उन्हें यह अवॉर्ड 'सेक्टर 36' के लिए दिया गया है। फिल्म फेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल): क्रिटिक्स ड्रामा जहान कपूर को 'ब्लैक वॉरंट' के लिए दिया गया है। बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) अवॉर्ड अनुभव सिन्हा को 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' के लिए दिया गया है। इसके अलावा 'द हंटः द राजीव गांधी एसासिनेशन केस' के लिए नागेश कुकुनूर को भी बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड दिया गया।

# भुज से लेकर द गाजी अटैक तक, इन फिल्मों में दिखी विजय दिवस की कहानी

**नई दिल्ली।** यूं तो कई जांबाज भारतीय सैनिकों ने अपनी जुबानी इस जंग की कहानी सुनाई है पर विजय दिवस और 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान के युद्ध की पृष्ठभूमि पर कई फिल्में भी बनी हैं।

### द गाजी अटैक (2017)

1971 के इस युद्ध में पाकिस्तान की पनडुब्बी पीएनएस गाजी का अहम किरदार था। कहा जाता है कि इसका मकसद भारत का विमानवाहक पोत, आईएनएस विक्रांत को तबाह करना था पर भारतीय नौसेना ने इसे तबाह कर दिया था। जंग के इसी पहलू को फिल्म 'द गाजी अटैक' में दिखाया गया था। फिल्म में राणा दग्गुबाती, केके मेनन, अतुल कुलकर्णी और तापसी पन्नू अहम किरदारों में थे। इस फिल्म को 65वें राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फीचर फिल्म के सम्मान से नवाजा गया था।

### भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया (2021)

अभिषेक दुधैया निर्देशित इस फिल्म की कहानी भी 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित थी। फिल्म में इंडियन एयर फोर्स के स्क्वाड्रन लीडर विजय कार्णिक की कहानी बयां की गई, जो उस समय भुज एयर फोर्स बेस के इंचार्ज थे। विजय कार्णिक ने माधापार गांव की 300 स्थानीय महिलाओं की मदद से 72 घंटों में टूटी हुई हवाई पट्टी को फिर से बनाया था। इस फिल्म में अजय देवगन ने कार्णिक का रोल निभाया था। साथ में संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा, नोरा फतेही, शरद केलकर और एमी विर्क भी नजर आए थे।



### पिप्पा (2023)

शाहिद कपूर के छोटे भाई ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'पिप्पा' की कहानी भी 1971 के युद्ध पर आधारित थी। कहानी भारत की 45 कैवलरी रेजिमेंट के कप्तान बलराम सिंह मेहता के जीवन पर आधारित थी, जिन्होंने अपने भाई-बहनों के साथ 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पूर्वी मोर्चे पर लड़ाई लड़ी थी। यह 1971 में गरीबपुर की लड़ाई के दौरान हुई असली घटनाओं पर आधारित थी। फिल्म में ईशान के अलावा मृणाल ठाकुर और प्रियांशु पैन्यूली ने भी अहम किरदार निभाया था।

## लाल सिंह चड्ढा से लेकर प्लेयर्स तक बॉलीवुड फिल्में दर्शकों के लिए तरसीं

# हिट हॉलीवुड फिल्मों की ये रीमेक फिल्में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड में कई हॉलीवुड फिल्मों के रीमेक बने हैं। इन फिल्मों को खूब सराहना मिली है। हालांकि, कुछ ऐसी भी फिल्में हैं जो हॉलीवुड में खूब चली हैं, लेकिन उनके रीमेक बॉलीवुड में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए हैं। आज हम उन फिल्मों के बारे में जानेंगे जो कामयाब हॉलीवुड फिल्मों का रीमेक हैं लेकिन वह दर्शकों को नहीं लुभा पाईं।



### लाल सिंह चड्ढा

साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गम्प' का रीमेक थी। इसमें आमिर खान और करीना कपूर जैसे बड़े कलाकारों ने किरदार निभाया। इसके बावजूद यह फिल्म दर्शकों को नहीं लुभा पाई। इससे साबित होता है कि अगर हॉलीवुड की कोई फिल्म ज्यादा पसंद की गई हो, तो जरूरी नहीं कि हिंदी में भी पसंद की जाए।




### प्लेयर्स

*साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'प्लेयर्स' हॉलीवुड फिल्म 'द इटालियन जॉब' का रीमेक थी। इसमें अभिषेक बच्चन, सोनम कपूर और बॉबी देओल जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि फिल्म खूब चलेगी। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कमाल नहीं कर पाई। आलोचकों से भी इसे सराहना नहीं मिली।*

### एक्शन रिप्ले

साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म 'एक्शन रिप्ले' में अक्षय कुमार और ऐश्वर्या राय ने भूमिका निभाई थी। यह फिल्म 'बैक टू द फ्यूचर' की रीमेक थी। इसमें ऐसे बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो अपने माता-पिता के बिगड़े रिश्ते को ठीक करने के लिए टाइम मशीन का इस्तेमाल करता है। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई।



### गॉड तुस्सी ग्रेट हो

सलमान खान और प्रियंका चोपड़ा की अदाकारी वाली फिल्म 'गॉड तुस्सी ग्रेट हो' साल 2008 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म 'ब्रूस ऑलमाइटी' की रीमेक थी। फिल्म में सलमान खान ने एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाई है, जो अपनी जिंदगी से परेशान है और उसे एक दिन के लिए भगवान बनने का मौका मिलता है। फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक बुलाने में नाकाम रही।

### दिल बोले हड़िप्पा

फिल्म 'दिल बोले हड़िप्पा' (2009) में रानी मुखर्जी ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है, जो पुरुष क्रिकेट टीम में खेलने के लिए पुरुष का वेश धारण करती है। फिल्म कॉमेडी थी लेकिन दर्शकों ने इसे नकार दिया। यह फिल्म 'शी इज द मैन' का रीमेक थी। इसमें रानी मुखर्जी के साथ शाहिद कपूर भी थे।



## खबर संक्षेप

### सीएम की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी नेता बेचैन : कृष्ण

**उचाना।** शिक्षाविद रामचंद्र अत्री के बड़े भाई ईश्वरदत्त अत्री कसूहन के निधन पर कहसून गांव पहुंच कर कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने शोक प्रकट किया। डीएसपी नरवाना कमलजीत राणा, डा. रामचंद्र , गौरव शर्मा, बबलू, कुंती जैन सहित गणमान्य लोगों ने पहुंच कर शोक प्रकट किया। पत्रकार वार्ता में कृष्ण बेदी ने कहा कि जो वायदे प्रदेश की जनता से किए थे उन वायदों को सीएम नायब सिंह सैनी पूरा करने का काम कर रहे हैं।

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा पहुंची नरवाना

**नरवाना।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा सोमवार को नरवाना पहुंची। रथ यात्रा के विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने बतौर मुख्य अतिथि अगवानी की और यात्रा संयोजकों एवं अन्य सदस्यों को शुभकामनाएं दी।

### नशे के दुष्प्रभाव से छात्रों को करवाया अवगत

**जींद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा मुक्त हरियाणा मिशन व बाल विवाह मुक्त भारत के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने बताया कि राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ईक्कस व राजकीय स्कूल गांव मुआना में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

### प्रवासी नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का आरोप

**जींद।** सदर थाना सफीदों क्षेत्र में एक प्रवासी नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने एक युवक के खिलाफ पास्को एक्ट और बीएनएस की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना सफीदों क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी है।

### अध्यापक ने जन्मदिन पर लगाए पौधे

**जींद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खांडा में हिंदी प्रवक्ता देवेंद्र कौशिक ने 49वें जन्मदिन पर विद्यालय में पौधरोपण किया। प्रति वर्ष की भांति बच्चों संग उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया। देवेंद्र कौशिक अबतक 150 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण को गति दे चुके हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य अशोक कुमार, संजीव कुमार, डा. रामचंद्र, अनीता देवी, सतपाल, संदीप, पंकज एवं छात्र व शिक्षकवृंद मौजूद रहे और शुभकामनाएं दी।

### स्काउट एवं गाइड की मिली मंजूरी : जुगमिंद्र

**उचाना।** ईरा इंटरनेशनल स्कूल डूमरखा को स्काउट एवं गाइड की मंजूरी मिली। स्कूल डायरेक्टर जुगमिंद्र सिंह ने बताया कि स्कूल के पांच विद्यार्थी समीर, विरेन, हरप्रीतए रवि व सुखविंद्र हिमाचल प्रदेश के शिमला तारा देवी प्रशिक्षण शिविर में 15 से 19 दिसंबर तक प्रशिक्षण लेंगे। स्काउट एवं गाइड भारत वर्ष का राष्ट्रीय स्काउट एवं गाइड संगठन है।

### क्रॉकरी की दुकान से 30 हजार की नकदी चोरी

**जींद।** पिल्लूखेड़ा मंडी स्थित क्रोकरी की दुकान से तीस हजार रुपये की नगदी चुराने पर पुलिस अज्ञात युवक के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मोरखी निवासी अनुज ने पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिल्लूखेड़ा मंडी में क्रोकरी की दुकान चलाता है।

### लिखित परीक्षा प्रतियोगिता में अव्वल छात्र सम्मानित

**राजौंद।** आर्यव्रत शिक्षा निकेतन स्कूल तितरम के विद्यार्थियों ने इंटर स्कूल लिखित परीक्षा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के मुख्याध्यापक विक्रम सिंह ने बताया कि आर्यवर्त शिक्षा निकेतन स्कूल तितरम में लिखित परीक्षा प्रतियोगिता हुई। जिसमें आर्यव्रत शिक्षा निकेतन स्कूल तितरम के साथ कई अन्य स्कूलों से विद्यार्थियों ने भाग लिया और बेहतर प्रदर्शन किया।

---

### नगर पालिका की लापरवाही पर उठे गंभीर सवाल

# प्रॉपर्टी आईडी की खामियों से सीवन के लोग परेशान

### आवश्यक ऑनलाइन सेवाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे

**आवासीय मकानों का क्षेत्रफल बढ़ा-चढ़ाकर दर्ज किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

नगर पालिका गठन के बाद से ही सीवन नगर के नागरिक प्रॉपर्टी आईडी से जुड़ी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। प्रॉपर्टी आईडी बनवाने से लेकर उसमें दर्ज त्रुटियों को दुरुस्त करवाने तक की प्रक्रिया आम लोगों के लिए भारी परेशानी का कारण बन गई है। नगर में प्रॉपर्टी आईडी तैयार करने का कार्य जिस निजी एजेंसी को सौंपा था, उसके द्वारा बनाई बड़ी संख्या में आईडी में भारी खामियां सामने आ रही हैं, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। नगरवासियों का कहना है कि प्रॉपर्टी आईडी में नाम, पता, क्षेत्रफल, संपत्ति का प्रकार, उपयोग (आवासीय या व्यावसायिक) और स्वामित्व से संबंधित अनेक गंभीर गलतियां दर्ज कर दी गई हैं। इन त्रुटियों के चलते लोग न तो समय पर प्रॉपर्टी टैक्स जमा कर पा रहे हैं और न ही आवश्यक ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा पा रहे हैं। कई मामलों में खाली प्लॉट को व्यावसायिक दर्शा दिया गया है, तो कहीं आवासीय मकानों का क्षेत्रफल बढ़ा-चढ़ाकर दर्ज किया गया है, जिससे टैक्स की राशि अत्यधिक बढ़ गई है। छोटी-छोटी गलतियों को ठीक करवाने के लिए भी लोगों को नगर पालिका कार्यालय के बार-बार चक्कर काटने पड़ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा। नगर निवासी सुरेंद्र नागपाल, चंद्रभान, नरेंद्र सैनी, जयवीर सैनी, सोमनाथ, नरेंद्र मिड्डा, रामेश्वर, सोहन सक्सेना, राम रतन और विनोद ने संयुक्त रूप से बताया कि नगर पालिका बनने के समय जल्दबाजी में तैयार की गई प्रॉपर्टी आईडी में भारी स्तर पर त्रुटियां रह गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब लोग अपनी शिकायतें लेकर नगर पालिका कार्यालय पहुंचते हैं, तो वहां उन्हें स्पष्ट समाधान देने के बजाय कभी ऑनलाइन ऑब्जेक्शन लगाने के लिए बाहर भेज दिया जाता है। नगरवासियों का कहना है कि त्रुटियों को सुधारने के लिए नगर पालिका स्तर पर कोई ठोस, पारदर्शी और स्थायी व्यवस्था नहीं की गई है। अव्यवस्थित प्रक्रिया और सीमित संसाधनों के कारण आम नागरिकों पर आर्थिक बोझ के साथ-साथ मानसिक दबाव भी लगातार बढ़ रहा है। लोगों ने यह भी बताया कि एक बार सुधार का अवसर जरूर दिया गया था, लेकिन उस समय न तो इसकी पर्याप्त जानकारी दी गई और न ही उचित इंतजाम किए गए, जिसके कारण अधिकांश लोग उस सुविधा का लाभ नहीं उठा सके। इसके बाद दोबारा कोई प्रभावी अवसर उपलब्ध नहीं कराया गया।



प्रॉपर्टी आईडी में दर्ज त्रुटियां दिखाते नगरवासी व नपा के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए।

#### ये रहे मौजूद

नगरवासियों ने नगर पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय रहते सुधार की समुचित व्यवस्था की जाती, तो आज लोगों को इस तरह परेशान नहीं होना पड़ता। उन्होंने सरकार और नगर पालिका प्रशासन से मांग की कि प्रॉपर्टी आईडी में मौजूद सभी विसंगतियों को दूर करने के लिए नगर पालिका कार्यालय परिसर में ही स्थायी समाधान केंद्र स्थापित किया जाए। इसके साथ ही नागरिकों ने मांग की कि सभी प्रकार की त्रुटियों को ठीक करवाने के लिए कम से कम 15 दिन का विशेष सुधार अभियान चलाया जाए, ताकि लोग बिना भटकाव और अतिरिक्त खर्च के अपनी प्रॉपर्टी आईडी दुरुस्त करवा सकें।

#### जल्द समाधान होगा

नपा सचिव दीपक कुमार ने बताया कि यदि किसी भी नागरिक की प्रॉपर्टी आईडी में किसी प्रकार की त्रुटि है, तो वह ऑनलाइन माध्यम से ऑब्जेक्शन दर्ज कर सकता है। कोई भी नागरिक अपनी आईडी से स्वयं भी यह प्रक्रिया पूरी कर सकता है। इसके अलावा यदि आवश्यक हो, तो सभी संबंधित दस्तावेज संलग्न कर एक लिखित आवेदन नगर पालिका कार्यालय में भी दिया जा सकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा और उन्हें अनावश्यक परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

---

# दो दिवसीय खेल दिवस का शुभारंभ

**सीवन।** माता गुजरी पब्लिक स्कूल कांगथली में दो दिवसीय खेल दिवस का भव्य शुभारंभ किया गया। सुबह से ही विद्यालय परिसर में बच्चों के बीच हर्षोल्लास और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों में विशेष जोश दिखाई दिया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से खेल दिवस के आयोजन के लिए अत्यंत उत्कृष्ट प्रबंध किए गए थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ. हरविंदर सिंह धन्जू रहे, जिन्होंने पेरिस में आयोजित पैरा ओलंपिक खेलों 2024 में तीरंदाजी प्रतियोगिता में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया।



अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ. हरविंदर सिंह धन्जू खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते।

#### ये रहे मौजूद

विद्यालय प्रबंधन की ओर से मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर माता गुजरी पब्लिक स्कूल कांगथली की चेयर पर्सन परविंदर कौर, माता गुजरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल देवीगढ़ के निदेशक सरदार भूपेंद्र सिंह, चेयर पर्सन रविंदर कौर तथा माता गुजरी पब्लिक स्कूल कांगथली के प्राचार्य मिथिलेश कुमार ने विशेष रूप से डॉ. हरविंदर सिंह धन्जू को सम्मानित किया। कार्यक्रम में हरदीप सिंह जम्मू (यूके वाले), ध्यान सिंह, रुबल तथा कुलदीप सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने, अनुशासन बनाए रखने तथा अपने माता-पिता, विद्यालय और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। खेल प्रतियोगिताओं में नर्सरी से लेकर कक्षा तीसरी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे देखकर विद्यालय स्टाफ और विशेष रूप से आमंत्रित अभिभावक अत्यंत प्रसन्न हुए।



**सीवन।** प्रहार दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

### प्रहार दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**सीवन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मनाए जाने वाले प्रहार दिवस के अवसर पर आज संघ के कार्यकर्ताओं ने गरिमामय वातावरण में कार्यक्रम आयोजित किया। इस आयोजन का नेतृत्व संघ के सीवन ब्लॉक कार्यवाहक वकील सैनी एवं सीवन ब्लॉक संघचालक अशोक गोयल ने किया, जिनके मार्गदर्शन में स्वयं सेवकों ने एकजुट होकर राष्ट्र भाव और संगठनात्मक अनुशासन का परिचय दिया। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि 16 दिसंबर भारतीय इतिहास का वह दिन है, जब वर्ष 1971 में भारत की निर्णायक सैन्य विजय ने उपमहाद्वीप की दिशा बदल दी। इसी दिन भारतीय सेना की सफलता के बाद पाकिस्तानी सेना के 93 हजार सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया और इसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश का निर्माण हुआ। यह घटना भारतीय शौर्य, साहस और मानवीय मूल्यों की प्रतीक मानी जाती है। प्रहार दिवस के अवसर पर संघ की परंपरा के अनुरूप अनुशासन, शारीरिक सक्रियता और संगठनात्मक एकता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की गई।

### आज छोटे वीर साहिबजादों की शहादत को समर्पित होगा वीर बाल दिवस

**जींद।** छोटे वीर साहिबजादों की अमर शहादत की स्मृति में जिला स्तर पर वीर बाल दिवस 2025 मनाया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी रितू पंघाल ने बताया कि विद्यार्थियों को साहिबजादों के जीवन और बलिदान से परिचित कराने के लिए सैंड आर्ट शो के माध्यम से उनकी जीवन गाथा प्रस्तुत की जाएगी। कार्यक्रम 17 दिसंबर को नौ बजे लार्ड शिवा पब्लिक स्कूल में आयोजित होगा। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के वे विद्यार्थी भाग लेंगे। जिन्होंने हिंदी, संस्कृत, पंजाबी और अंग्रेजी भाषा में अपने-अपने विद्यालय स्तर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया है। बताया कि जिले के सभी माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों से चारों भाषाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 500 विद्यार्थी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

---

### स्व. ओपी चौटाला की प्रथम पुण्यतिथि 20 को

**जींद।** इनेलो जिला कार्यालय में मंगलवार को जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष विजेंद्र रेढू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यअतिथि के तौर पर पार्टी प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा उपस्थित हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि स्व. ओमप्रकाश चौटाला की प्रथम पुण्यतिथि तेजाखेड़ा फार्म हाउस पर 20 दिसंबर को आयोजित की जा रही है। जिले से ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग तेजा खेड़ा फार्म हाउस पहुंच कर स्व. चौटाला को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। कहा कि स्व. चौटाला को लोह पुरुष, विकास पुरुष, कुशल प्रशासक, किसान और कमरे की आवाज उठाने वाले और अपने कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान देने वाले नेता के रूप में जाना जाता है। वास्तव में हरियाणा प्रदेश को आगे ले जाने में उन्होंने बहुत कार्य किया उनके द्वारा शुरू की गई अनेकों योजनाएं आज हरियाणा प्रदेश ही नहीं बल्कि देशस्तर पर भी अपनाई गई हैं। 2002 में शुरू की गई खेल नीति उसका सबसे बड़ा उदाहरण है। जिसमें सर्वप्रथम हरियाणा प्रदेश में पदक विजेताओं को नगद राशि से नवाजने का काम किया गया था।




**जींद।** बैठक को संबोधित करते रामपाल माजरा। फोटो :हरिभूमि



**जींद।** शहीदों को नमन करने के मौके पर मौजूद हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी और अन्य।

### देश के लिए बलिदान देने वाला हर सैनिक अमर

**जींद।** देश के लिए बलिदान देने वाला प्रत्येक सैनिक अमर होता है और प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह देश पर बलिदान देने वाले सैनिकों को सदा नमन करें। यह बात शहीदों को श्रद्धांजलि देते हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने शहीदों को नमन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज विजय दिवस है और हमें इस मौके पर उन सैनिकों पर गर्व करना चाहिए। जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। प्रत्येक सैनिक हम सबके लिए सम्माननीय है। डीएवी पब्लिक स्कूल जींद की प्राचार्य रश्मि विद्यार्थी अपने स्टाफ के सदस्यों के साथ शहीद स्मारक पर पहुंची और शहीदों को अपनी पुष्पांजलि भेंट की। इस मौके पर डीएवी संस्थान की ओर से तथा आर्य युवा समाज की ओर से देश पर बलिदान होने वाले सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र को सैनिक प्रशिक्षण लेना चाहिए तथा देश प्रेम की शिक्षा सभी को देनी चाहिए। हमें अपने छात्रों में देश भक्ति और देश प्रेम के भाव भरने चाहिए। यह प्रत्येक शिक्षक और नागरिक का कर्तव्य है।

### सेवानिवृत्ति के बाद समाज सेवा को अपनाएं

**जींद।** सेवा भारती की बैठक भिवानी रोड के गौशाला केंद्र में जिलाध्यक्ष सुशील गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। इसमें प्रांतीय सचिव विनीत, प्रांतीय लेखा प्रमुख रविंद्र, रोहतक विभाग प्रमुख समुद्र व पूर्ण कालिक कार्यकर्ता हिमांशु मौजूद रहे। बैठक में रोहतक विभाग प्रमुख समुंद्र ने सेवा निवृत्ति से सेवावृति विषय पर विस्तार से बताया और कहा कि सेवानिवृत्ति व्यक्ति समाज को सेवा कार्यों में अधिक समय देकर समाज की सेवा कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने 12 से 20 वर्ष तक की किशोरियों के लिए समर्थ किशोरी विकास वर्ग के अंतर्गत बच्चियों को आत्मरक्षा, साफ -सफाई, अच्छा बुरा पहचाना, व्यक्तित्व निखार एवं अन्य विषयों की विस्तार से जानकारी दी तथा दायित्व धारियों द्वारा प्रवास के महत्व विषय पर बताया कि कार्य को गति देने के लिए प्रवास करना अति आवश्यक है।



**जींद।** सेवा भारती की मीटिंग में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि



**नरवाना।** जांच करते हुए चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

### निःशुल्क कृत्रिम अंग माप शिविर का आयोजन

**नरवाना।** नारायण सेवा संस्थानए शाखा नरवाना द्वारा सोमवार को सिंगला धर्मशाला नरवाना में निःशुल्क कृत्रिम अंग माप शिविर का आयोजन किया गया। इस मानव सेवा शिविर में सड़क दुर्घटनाओं अथवा अन्य कारणों से अपने हाथ.पैर खो चुके 40 से 50 दिव्यांगओ ने भाग लेकर अपने कृत्रिम अंगों का माप करवाया। प्रधान राजेन्द्र गर्ग ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम पंकज शर्माए डॉण मोहित वर्मा एवं डॉण सुरेंद्र कुमार गोयल द्वारा अत्यंत सावधानीपूर्वक दिव्यांगजनों के कृत्रिम अंगों का माप लिया गया। माप उपरांत 10 से 15 दिनों के भीतर इसी प्रकार का शिविर आयोजित कर दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। साहिल वधवा ने बताया कि पूज्य कैलाश मानव का मूल विचार है श्पीड़ितों में ही भगवान हैं। इसी भावना के साथ संस्थान निरंतर सेवा कार्य कर रहा है। कहा कि जब कोई व्यक्ति अपने हाथ.पैरों से वंचित हो जाता है तो उसका आत्मविश्वास टूट जाता है लेकिन नारायण सेवा संस्थान उसे कृत्रिम अंग देकर दोबारा समाज में सम्मानपूर्वक खड़ा करता है।

---




**उचाना।** सम्मानित किए गए राज्य किड्स एथलेटिक्स में विजेता खिलाड़ी।

### विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**उचाना।** शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना मंडी के विद्यार्थियों ने सोनीपत में आयोजित हरियाणा राज्य किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ये खिलाड़ी शिवानिया पब्लिक स्कूल एवं शिवानिया खेल अकादमी से संबंधित है। प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने बताया की विद्यालय की ओर से छात्र चेतन ने 80 मीटर हर्डल रेस में प्रथम, अनिकेत ने लंबी कूद एवं 80 मी हर्डल रेस में दूसरा, संगम ने लंबी कूद में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की ओर से सभी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष नफे सिंह खटकड़, प्रोमिला मलिक की ओर सभी छात्रों एवं उनके कोच विवेक सांगवान को बधाई दी। अवसर पर देव मित्तल, विकास खटकड़, सुनील, सोहन शर्मा, विकास मेहरवाल, भूपेंद्र संधू, संगीता खटकड़, सुमन उपस्थित रहे।

# क्रांतिकारी मनरेगा मजदूर यूनियन का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज. कलायत

कलायत के गांव शिमला और पिंजुपुरा में क्रान्तिकारी मनरेगा मज़दूर यूनियन ने सरकार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को खत्म करने की साज़िश का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक जिसमें योजना को जी राम जी का नाम देने के विरोध में आयोजित किया गया। मज़दूरों ने इस बिल की प्रतियां जलाकर अपना रोष प्रकट किया। प्रदर्शन में देवराज, पालेराम, माया, संतरों और अन्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मज़दूरों ने भाग लिया। मजदूर नेता अजय कुमार और मेट अनिल ने कहा कि मनरेगा कोई योजना नहीं बल्कि ग्रामीण मज़दूरों के लंबे संघर्ष से हासिल किया गया कानूनी अधिकार है। प्रस्तावित विधेयक इस अधिकार को खत्म कर मनरेगा को एक कमजोर, अनिश्चित और सरकार की मर्जी पर निर्भर योजना में बदल देता है। इसमें हर ग्रामीण परिवार को 100 दिन काम देने की कानूनी गारंटी समाप्त कर दी गई है। जिससे मज़दूरों का काम का अधिकार छिन जाएगा प्रदर्शन के दौरान मज़दूरों ने स्पष्ट कहा कि यह विधेयक करोड़ों ग्रामीण परिवारों की आजीविका पर सीधा हमला है। इस कानून के तहत राज्यों पर 40 प्रतिशत खर्च और बेरोज़गारी भत्ता का बोझ डालकर केंद्र सरकार अपनी ज़िम्मेदारी से पल्ला झाड़ रही है।



**कलायत।** मनरेगा योजना को लेकर एकत्रित मजदूर। फोटो :हरिभूमि



**जींद।** बच्चों से बातचीत करते अनिल मलिक। फोटो :हरिभूमि

### जीवन की असली ताकत व सुंदरता भावनाओं में निहित

**जींद।** राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्यस्तरीय परियोजना के तत्वावधान में अमरहेड़ी के राजकीय उच्च विद्यालय में 195वें व जिले के 79वें बाल सलाह, परामर्श एवं कल्याण केंद्र की स्थापना की। मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक आंसू और मुस्कान जीवन की सुंदरता, भावनात्मक सशक्तिकरण विषय पर सेमिनार को संबोधित किया। कहा कि मनुष्य जीवन की असली ताकत व सुंदरता भावनाओं में निहित है। यही हमें एक दूसरे से जोड़ती हैए प्रेरित करती हैए निर्णय लेने में मदद करती है । भावना इतनी शक्तिशाली होती है हम करुणा, प्रेम, प्रशंसा, सहानुभूति जैसे गुणों से अभिभूत होते हैं। असली ताकत भावनाओं को सही से समझने और उनको नियंत्रित करने में है। यह मुस्कान, आत्मविश्वास, सकारात्मक ऊर्जा और सामाजिक जुड़ाव की ताकत प्रदान करती है। वहीं दूसरी ओर आंसू तनाव और भावनाओं को बाहर निकालने के लिए एक स्वभाविक तरीका है, जो हमें राहत और तनाव से मुक्ति प्रदान करता है। समझें तो जीवन की सुंदरता भावनात्मक सशक्तिकरण में ही है।

---

### जिले में बेसहारा पशुओं व कुत्तों की व्यवस्था पर समीक्षा बैठक

# स्ट्रै कैटल फ्री परिसर बनाने को नोडल अधिकारी होंगे नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिले में बेसहारा पशुओं (स्ट्रे कैटल) और खुले में घूमने वाले कुत्तों की समस्या को लेकर व्यवस्थाओं को मजबूत करने तथा चल रहे कार्यों की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी जिलों के अधिकारियों के साथ मंगलवार को वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक की। वीसी के बाद लघु सचिवालय स्थित सभागार में डीएमसी सुरेंदर सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएमसी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि बेसहारा पशुओं की समस्या जनसुरक्षा, सड़क सुरक्षा और स्वच्छता से सीधे जुड़ी हुई है। इसलिए इससे जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्कूलों, कॉलेजों, शिक्षण संस्थानों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, अस्पताल और खेल स्टेडियम में यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी आवारा पशु परिसर के अंदर प्रवेश न कर सके। इसके लिए चहारदीवारी या फेंसिंग कराई जाए। टूटे हुए गेट ठीक कराया जाए तथा आवश्यकतानुसार गेट कीपर तैनात किए जाएं। सभी संस्थानों में इसके लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए जाएं। जिलास्तर पर ज्वायंट टास्क फोर्स व जिला निगरानी कमेटी बना दी गई है। जिसके तहत पूरी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समय-समय पर अपने कार्यों की रिपोर्ट दें।




**जींद।** बैठक की अध्यक्षता करते डीएमसी सुरेंद्र। फोटो :हरिभूमि

#### रेस्क्यू टीम की सक्रियता बढ़ाई जाए

जिससे जिले को स्ट्रे कैटल फ्री बनाने की प्रगति की समीक्षा की जा सके। बताया कि शहरों में स्ट्रे कैटल और आवारा कुत्तों से संबंधित कार्य नप और नपा करेंगी। जबकि गांवों में ये जिम्मेदारी पंचायत विभाग की होगी। साथ ही सभी विभागों को अपने-अपने कार्यालय परिसरों को भी स्ट्रे कैटल फ्री रखने के निर्देश दिए गए। आवारा कुत्तों की टैगिंग, टीकाकरण तथा भोजन पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। पशुपालन विभाग को निर्देश दिए गए कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल या बीमार पशुओं को तुरंत इलाज उपलब्ध कराया जाए। रेस्क्यू टीम की सक्रियता बढ़ाई जाए तथा गौशालाओं के साथ बेहतर समन्वय बनाया जाए। डीएमसी ने कहा कि बेसहारा पशुओं और आवारा कुत्तों से जुड़ी शिकायतें अक्सर यातायात बाधा, दुर्घटनाओं और आमजन को असुविधा का कारण बनती हैं। इसलिए शिकायत मिलते ही तुरंत कार्रवाई की जाए। कहा कि सड़कों पर घूम रहे मवेशियों को हटाने के लिए पुलिस और नगर परिषद संयुक्त अभियान चलाएंगी ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। नगराधीश मोनिका रानी, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, डीएसपी संजय, डीएसओ रामपाल, डीएसएस रणधीर आदि मौजूद रहे।



**जींद।** दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित होते दलबीर चहल। फोटो :हरिभूमि

### रधाना के दलबीर को राष्ट्रीय पुरस्कार

**जींद।** कृषि विवि नई दिल्ली पूसा (आईसीएआर) में कृषि जागरण द्वारा राष्ट्रीय कृषि सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम देशभर के उन किसानों को सम्मानित करने के लिए था, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में प्राकृतिक कृषि को बढावा दिया हो। कार्यक्रम में जींद के गांव रधाना निवासी दलबीर चहल को राष्ट्रीय सम्मान के साथ सम्मानित किया। जोकि जींद जिला ही नही हरियाणा प्रदेश के लिए गर्व की बात रही। कार्यक्रम से लौटे दलबीर ने बताया कि वो पांच सालों से रधाना में सुमन प्राकृतिक उद्यान व कृषि फार्म का संचालन कर रहे हैं। इस फार्म में आजतक भी किसी भी तरह के रासायनिक खादों का प्रयोग नही किया गया है। खेती व बागवानी पूरी तरह से प्राकृतिक व जहर मुक्त है। बताया कि शुरू-शुरू में प्राकृतिक खेती को लेकर कई तरह की परेशानियां आई लेकिन जैसे-जैसे समय बीता और प्राकृतिक तकनीक के माध्यम से फसलों की पैदावार अच्छी होने लगी है।




## गिरता लिंग अनुपात चिंता का विषय : डा. संदीप सिंह

**राजौंद।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक असंध पर राणा निवास पर हुई। डॉक्टर संदीप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एएनएम व सभी आशा वर्करों ने भाग लिया। इस दौरान डॉक्टर संदीप ने कहा कि गिरता हुआ लिंग अनुपात एक गहरी चिंता का विषय है, इस ओर हमें ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि बेटियां हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है और अपने माता-पिता व देश का नाम रोशन कर रही है। आज हमारी बेटियां बेटों से कम नहीं है। बैठक के बाद शिवानी राणा परिवार में बेटी के जन्म लेने की खुशी में घर में खुशी के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बेटी के जन्म की खुशी का स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ किया गया। बेटी के जन्म पर चारों तरफ खुशी का माहौल नजर आ रहा था और सब ने बेटी के जन्म पर जमकर जश्न मनाया व एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान डॉक्टर संदीप सिंह ने कहा कि अगर हर व्यक्ति इस प्रकार की सोच रखे तो, वह दिन दूर नहीं जब लड़की होने पर कोई भी व्यक्ति चिंता नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि वह पुराना जमाना था जब लड़कियों के पैदा होने पर सोचना पड़ता था।

### 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों ने पार्क की सफाई करके स्वच्छ भारत अभियान को भी सार्थक किया

# चौधरी मित्रसेन आर्य के 95वें जन्मोत्सव पर इंडस स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर किया नमन

### छात्रों ने भजनों के माध्यम से चौधरी मित्रसेन की जीवन गाथा प्रस्तुत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





जींद। यज्ञ में आहूति डालते हुए इंडस स्कूल प्रबंधन तथा भजन सुनाते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

इंडस पब्लिक स्कूल जींद के प्रांगण में इंडस ग्रुप के संस्थापक स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य का 95वां जन्मोत्सव वेदमंत्रोच्चारण एवं हवन यज्ञ के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण, इंडस स्कूल की निदेशक रचना श्योराण, स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा, उपप्राचार्य प्रवीन कुमार तथा मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने चौधर मित्रसेन आर्य को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर इंडस पब्लिक स्कूल जींद में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें इंडस के सभी बच्चों ने कक्षानुसार कार्यक्रमों में भाग लिया। चौधरी मित्रसेन आर्य के इस जन्मोत्सव के अवसर पर विद्यालय में कक्षा 6वीं से 8वीं के विद्यार्थी हवन यज्ञ में शामिल हुए और कक्षा 6वीं से 11वीं के विद्यार्थियों की मित्रसेन के जीवन से संबधित एक सामान्य-ज्ञान लिखित प्रतियोगिता भी करवाई गई। वहीं भाषण के माध्यम से बच्चों ने चौधरी मित्रसेन आर्य के जीवन पर प्रकार डाला। कक्षा 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों ने पार्क की सफाई करके स्वच्छ भारत अभियान को भी सार्थक किया।

इसके साथ ही नर्सरी से लेकर दूसरी, 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों ने अपनी स्वेच्छा से गरीब व्यक्तियों तथा बच्चों के लिए काफी मात्रा में पुस्तक तथा खाद्य सामग्री एकत्रित की और फिर अनाथालयों, झोपडियों में तथा अनेक ऐसे स्थानों पर जाकर वितरित की, जहां इन चीजों की जरूरत थी। कक्षा 9वीं तथा 11वीं के विद्यार्थियों ने जयंती देवी मंदिर में जाकर फल एवं भोजन वितरित किया। इस अवसर पर 7वीं तथा 9वीं के विद्यार्थियों ने योग तथा भजनों के माध्यम से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उन्होंने अपने भजनों के माध्यम से स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन जी की जीवन गाथा प्रस्तुत की, जिसे सुनकर सभी भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर स्कूल निदेशिका रचना श्योराण ने योग का महत्व समझाते हुए बच्चों को योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन व्यायाम करना चाहिए। इस विशिष्ठ अवसर पर इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने स्वर्गीय मित्रसेन आर्य के जीवन के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परोपकार करना, समाज में जागरूकता फैलाना, समानता आदि चौधरी मित्रसेन के मुख्य उद्देश्य थे। उन्होंने अपने जीवन में न तो किसी को दुख दिया और न ही वे किसी को दुखी देखना चाहते थे। वे सद्भावना से जीवन जीने के आदी थे। उन्होंने कहा कि मित्रसेन आर्य सबको समान दृष्टि से देखने वाले, सबके सुख-दुख को अपना समझने वाले प्रत्येक प्राणी का भला चाहने वाले और वैदिक धर्म को मानने वाले थे। उनका कृतित्व एवं व्यक्तित्व समाजसेवा, राष्ट्रसेवा, जनसेवा और आर्यसमाज के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने अपनी सेवाओं से सामान्य लोगों के दिलों में उच्च स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ आर्यसमाज के संगठनों में अपना श्रेष्ठ स्थान बनाया। स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने कहा कि हम सबको चौधरी मित्रसेन आर्य को अपना पथ-प्रदर्शक मानते हुए जीवन में लगातार आगे बढना चाहिए।

### इंडस पब्लिक स्कूल में किया पूज्य चौधरी मित्रसेन आर्य को याद

**कैथल।** इंडस पब्लिक स्कूल कैथल के प्रांगण में विद्यालय के संस्थापक पूज्य चौधरी मित्रसेन आर्य के 95वें जन्मदिवस के उपलक्ष में फाउंडर्स डे थीम के अंतर्गत गरिमामय एवं प्रेरणादायक वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तथा विधिवत हवन के साथ किया गया। इस अवसर पर स्पेशल असेंबली में कविता, भाषण, गौरव गाथा, नृत्य प्रस्तुति तथा गगन झूमा, धरा झूमी गीत आदि पर विद्यार्थियों ने अपनी- अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय में सप्ताह भर से ही विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए रंग भरो प्रतियोगिता, कार्ड मेकिंग, बुके मेकिंग, ड्राइंग, श्लोक राइटिंग तथा क्विज कंपटीशन आदि आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसी क्रम में छात्रों को भारत मित्र स्तंभ, खांडा खेड़ी का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया, जिससे उन्हें इतिहास, संस्कार और प्रेरणाओं से रू-ब-रू होने का अवसर मिला। विद्यालय की प्रधानाचार्या तनु पूनिया ने सफेद कबूतर उड़ाकर कहा कि कबूतर शांति, स्वतंत्रता और आशा के संदेशवाहक होते हैं, जो हमारे संस्थापक के सामंजस्य, करुणा और प्रबुद्ध जीवन के विश्वासों का प्रतीक हैं। जब वे उड़ान भरते हैं, तो वे सभी को उनके उस दृष्टिकोण की याद दिलाते हैं— शिक्षा के माध्यम से युवा मनों को मुक्त करना, सीमाओं से परे अच्छाई फैलाना और मूल्यों व मानवता पर आधारित समाज का निर्माण करना। विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक सहारण ने संस्थापक के आदर्शों एवं विचारों को आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम सुव्यवस्थित, उद्देश्यपूर्ण एवं प्रेरणास्पद रहा।



कैथल। हवन में आहुति डालते इंडस पब्लिक स्कूल के स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी।

## कांग्रेस पार्टी ने पीएम का पद चुराया: कंडेला

- सरदार वल्लभभाई पटेल को 28 व पं. जवाहरलाल नेहरू को सिर्फ दो वोट ही मिले थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



कंडेला ने बिहार के चुनाव पर बोलते हुए कहा कि बिहार के लोगों ने कांग्रेस पार्टी व गठबंधन का सुपड़ा साफ कर दिया है और भाजपा को भारी बहुमत से जीत दिलाई है। आगे पश्चिम बंगाल में व पंजाब में चुनाव आने पर भाजपा की जीत निश्चित है।

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व चेयरमैन व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि देश आजाद होते ही जब पहले प्रधानमंत्री पद का चुनाव हुआ, उस समय कांग्रेस पार्टी ने प्रदेशों के अध्यक्ष की वोटिंग की गई। जिस वोटिंग में कांग्रेस पार्टी के ही सरदार वल्लभभाई पटेल के पक्ष में 28 वोट डाले गए व पंडित जवाहरलाल नेहरू के पक्ष में सिर्फ दो वोट ही आए। उस समय कांग्रेस पार्टी ने सरदार वल्लभभाई पटेल को प्रधानमंत्री न बना कर पंडित जवाहरलाल नेहरू को प्रधानमंत्री बनाया। कांग्रेस पार्टी ने ही वोट और पद की चोरी की शुरुआत की थी। उस समय अगर पद का दुरुपयोग ना किया जाता तो ना तो देश के टुकड़े होते और न ही कश्मीर की समस्या खड़ी होती है। यह सभी समस्याएं कांग्रेस पार्टी की देन हैं। जिसे देश आजतक भुगत रहा है। कंडेला ने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी परिवारवाद व भ्रष्टाचार की पार्टी है। उन्होंने संविधान पर बोलते हुए कहा है कि 1975 में इमरजेंसी लागू करके कांग्रेस पार्टी ने ही संविधान को कुचल दिया था। डा. भीमराव अंबेडकर का कांग्रेस पार्टी ने हमेशा अपमान किया है। भाजपा पार्टी देश के प्रतिए रक्षा के प्रति और संविधान के प्रति मजबूती से काम कर रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से आज भी दूसरे देशों में भारत का डंका बज रहा है। देश उन्नति और प्रगति की राह पर चल रहा है। कंडेला ने ईवीएम पर बोलते हुए कहा कि ईवीएम की शुरुआत कांग्रेस पार्टी की ही देन है। 2004 और 2009 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने ईवीएम के द्वारा ही चुनाव जीता था। जो आज ईवीएम को ढाल बना कर बीजेपी पार्टी को वोट चोरी का आरोप लगाती है, जो निराधार है। देश की जनता कांग्रेस पार्टी की असलियत को पहचान चुकी है। अब लोग इनके बहकावे में आने वाले नही हैं।

## विपक्ष जानबूझकर फैला रहा जनता में भ्रम : बलविंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन



भाजपा नेता एवं सी एम विन्डो एमिनेंट पर्सन बलविंदर जांगड़ा ने मतदाता सूची शुद्धिकरण को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष जानबूझकर इस संवैधानिक प्रक्रिया को लेकर जनता में भ्रम फैलाने का काम कर रहा है। लोकतंत्र को मजबूत करने वाली इस प्रक्रिया को गलत तरीके से पेश करना दुर्भाग्यपूर्ण है। बलविंदर जांगड़ा ने कहा कि जब भी चुनाव सुधारों की बात सामने आती है, विपक्ष तथ्यों से हटकर शोर मचाने लगता है। मतदाता सूची शुद्धिकरण कोई नया विषय नहीं है, बल्कि यह वर्षों से चली आ रही एक नियमित और संवैधानिक व्यवस्था है, जिसे 1952 से अब तक अलग-अलग सरकारों के समय लागू किया जाता रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य फर्जी, दोहरे या अपात्र नामों को हटाना तथा 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके योग्य नागरिकों के नाम जोड़ना है। मतदाता बनने की मूल शर्त भारतीय नागरिक होना है, जिसे विपक्ष जानबूझकर नजरअंदाज कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल हार की आशंका से लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। बलविंदर जांगड़ा ने कहा कि जब विपक्ष चुनाव जीतता है तो चुनाव आयोग और मतदाता सूची पर कोई सवाल नहीं उठता, लेकिन हारने पर वही व्यवस्था उन्हें पक्षपाती नजर आने लगती है।

## कांग्रेस को साफ और निष्पक्ष चुनाव से लगता है डर : रामप्रताप गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



रामप्रताप गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तथ्यों के आधार पर यह स्पष्ट कर दिया है कि चुनाव आयोग द्वारा कराई गई एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक, पारदर्शी और निष्पक्ष है। इसके बावजूद कांग्रेस लगातार झूठा नैरेटिव गढ़कर लोकतांत्रिक संस्थाओं की साख पर सवाल खड़े कर रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रताप गुप्ता ने कांग्रेस व विपक्षी दलों द्वारा "वोट चोरी" और एसआईआर को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष तथ्यों के सामने पूरी तरह बेनकाब हो चुका है और जनता को गुमराह करने की उसकी साजिश अब सफल नहीं होने वाली। उन्होंने कहा कि एसआईआर के माध्यम से मृतकों, फर्जी मतदाताओं, डुप्लीकेट वोट और अवैध रूप से जोड़े गए नामों को हटाने का काम किया जा रहा है। यह प्रक्रिया लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए है, न कि किसी दल को नुकसान पहुंचाने के लिए। लेकिन कांग्रेस को साफ और निष्पक्ष चुनाव से डर लगता है, इसलिए वह हर सुधार का विरोध करती है।

रामप्रताप गुप्ता ने कहा कि चुनाव आयोग के आंकड़े खुद यह साबित करते हैं कि विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे वोट चोरी के आरोप पूरी तरह निराधार हैं। अगर वोट चोरी हो रही होती तो 2014, 2019 और 2024 में जनता बार-बार भाजपा को प्रचंड बहुमत क्यों देती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज भी उसी मानसिकता में जी रही है, जिसमें सत्ता उसके जन्मसिद्ध अधिकार जैसी थी। जब जनता ने उसे नकार दिया तो वह अब संस्थाओं को बदनाम करने का खेल खेल रही है। लेकिन देश की जनता जागरूक है और विपक्ष के झूठे प्रचार को समझ रही है। अंत में रामप्रताप गुप्ता ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र, संविधान और चुनाव आयोग की गरिमा की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। एसआईआर जैसी प्रक्रियाएं लोकतंत्र को और मजबूत करेंगी, और विपक्ष का झूठ तथ्यों के आगे बार-बार ध्वस्त होता रहेगा।



उचाना। प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेते आंगनवाड़ी कार्यकर्ता।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता समाज की रीड की हड्डी: कांता यादव

**उचाना।** श्री शिव मन्दिर सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना कलां में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमता बढ़ाने और बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुदृढ करने के उद्देश्य से पोषण, प्रारंभिक शिक्षा विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन किया गया। उचाना एवं अलेवा ब्लॉक की 205 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कांता यादव ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चों के पोषण स्तर में सुधार और प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करना। आंगनवाड़ी कार्यकत्ताओं को बच्चों की शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए बच्चों के सर्वांगीण विकास, माता-पिता को बच्चों से अपेक्षाएं, नई शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को बताया गया कि किस प्रकार संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, नियमित साफ.-सफाईए खेल.खेल के माध्यम से बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और बौद्धिक विकास को बेहतर बनाया जा सकता है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को बच्चों की उम्र के अनुसार पोषण आहार देने, साफ.-सफाई पर विशेष ध्यान रखने, गर्भवती महिलाओं की देख भालऔर सरकारी योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंचाने के विषय में जानकारी दी। बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के तहत बच्चों में रुचि बढ़ाने के लिए गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धतियों पर जोर दिया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण ट्रैकर एप के बारे में विस्तार से बताया गया। बच्चों की कद, वजन के बारे में मशीनों के माध्यम से प्रदर्शन करके समझाया गया ताकि बच्चों के कुपोषण स्तर में सुधार लाया जा सके। यादव ने आंगनवाड़ी कार्यकत्ताओं को कहा कि आप समाज की रीड की हड्डी हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## शिक्षा भारती में मनाया अभिभावक खेल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में अभिभावक खेल दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया गया। विद्यालय परिसर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गयाए जिसमें अभिभावकों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल चहल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और छात्राओं द्वारा संस्कृत समूह गान के साथ किया गया।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि बच्चों के विकास में खेलों का विशेष महत्व हैए और अभिभावकों की सहभागिता से बच्चों का उत्साह दोगुना हो जाता है। म्यूजिकल चेयर एम्यूजिकल चेयर एरस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएं की गई। म्यूजिकल चेयर पुरुष में वीरेंद्र ने प्रथम स्थानए मनजीत ने द्वितीय स्थान और जगदीप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा म्यूजिकल चेयर महिला वर्ग में परमजीत ने प्रथमए रीना ने द्वितीय और राजबाला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रस्साकशी महिला में 17 महिलाओं की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान ने बताया कि इस वर्ष 500 से अधिक अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय अध्यक्ष प्रवीण द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।




नरवाना। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए।

## भाजपा एक भी घुसपैठिये को मतदान का अधिकार नहीं देने देगी : दीक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



पीएम मोदी देश को विकसित राष्ट्र बनाने में जुटे है, राहुल गांधी देश की छवि खराब करने में जुटे हैं प्रदेश प्रवक्ता भाजपा हरियाणा राज रमन दीक्षित ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहा कि यदि विपक्ष 200 बार भी सदन का बहिष्कार करेगा, फिर भी भारतीय जनता पार्टी एक भी घुसपैठिये को मतदान का अधिकार नहीं देगी। उन्होंने कहा कि भारत में घुसपैठिये मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नहीं चुन सकते। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब जनता के सामने कांग्रेस और इंडीगठबंधन के नेताओं की पोल खुल चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि संसद देश का सबसे बड़ा चर्चा का मंच है और भाजपा कभी भी किसी विषय पर चर्चा से पीछे नहीं हटती है। कोई भी मुद्दा हो, संसद के नियमों का पालन करते हुए भाजपा हर प्रकार की चर्चा के लिए तैयार है।

### कैथल के राजकीय स्कूल में सैंड आर्ट शो आज

**कैथल।** जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि छोटे वीर साहिबजादों की शहीदी की याद में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य पर सैंड आर्ट शो के माध्यम से जीवन गाथा दिखाई जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे जींद रोड स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली अड्डा में होगा।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में 600 स्कूली विद्यार्थी शामिल होंगे, जिन्होंने हिंदी, संस्कृत, पंजाबी व अंग्रेजी भाषा में स्कूल स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है।

**तैयारी** | जिला परिषद के सीईओ ने अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

# जिले के सभी आवारा कुत्तों का टीकाकरण व नसबंदी का कार्य शुरु

- संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य को करवाएं पूरा : सुरेश राविश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश ने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार जिला में आवारा कुत्तों का टीकाकरण व नसबंदी का कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इस कार्य को समुचित तरीके से करवाने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। आगामी 6 महीनों में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सभी आवारा कुत्तों को कवर किया जाएगा। आमजन की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर भी शुरू किया गया है, ताकि वह आवारा कुत्तों से संबंधित जानकारी दे सकें। जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आवारा कुत्तों के टीकाकरण व नसबंदी कार्य को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने प्रदेश के सभी उच्चाधिकारियों से इस संदर्भ में रिपोर्ट प्राप्त की तथा इस मौके पर मुख्य सचिव ने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सीईओ सुरेश राविश ने कहा कि सभी अधिकारी अन्य विभागों के साथ तालमेल करते हुए कुत्तों के टीकाकरण व नसबंदी कार्य को पूरा करवाएं। इस कार्य में कोई भी लापरवाही न बरती जाए। संबंधित नगर परिषद व नगर पालिकाएं शैल्टर हाउस बनाकर सीसीटीवी कैमरे आदि की पूरी व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन आदि पर पूरी निगरानी की जाए। जिला स्तर पर ज्वाइंट टास्क फोर्स व जिला निगरानी कमेटी बना दी गई है, जिसके तहत पूरी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्य में प्रगति लाते हुए रिपोर्ट को अपडेट रखें। एजेंसी द्वारा जिला के राजौंद क्षेत्र में 109 आवारा कुत्तों का टीकाकरण व नसबंदी का कार्य किया जा चुका है। नगर आयुक्त कपिल शर्मा ने कहा कि नगर परिषद व नगर पालिकाओं द्वारा इस आवारा कुत्तों के टीकाकरण व नसबंदी के कार्य को सुचारू रूप से करने के लिए पूरा प्लान तैयार कर लिया गया है। धीरे-धीरे पूरे क्षेत्र से कुत्तों का टीकाकरण व नसबंदी का कार्य कार्य पूरा किया जाएगा। पशुपालन विभाग के डॉक्टरों की टीम भी लगाई गई है। नोडल अधिकारी के रूप में कैथल के लिए ईओ संदीप सोलंकी, चीका के लिए जेई खुशी राम, कलायत हेतू जेई संजीव धीमान, पूंडरी के लिए जेई प्रदीप कुमार, राजौंद के लिए एसआई प्रदीप कुमार, सीवन के लिए सहायक सोनू रहेंगे।




कैथल। जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर ईओ संदीप सोलंकी, नगर पालिका सचिव पवन शर्मा, दीपक, नरेश, नरेंद्र शर्मा, जितेंद्र शर्मा, जेई अश्वनी नेहरा, पशुपालन विभाग से कृष्ण कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।